आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 268 | उज्जैन, सोमवार 18 अगस्त 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## मुख्यमंत्री के विदेशी निवेश संवर्धन के प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम

### जर्मनी की पांच अग्रणी कंपनियां 18 अगस्त से पांच दिवसीय म.प्र. दौरे पर



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विदेशी निवेश आकर्षित करने के प्रयासों के परिणाम आना शुरू हो गए हैं। विदेशी निवेश संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री के यूरोप दौरे के फलस्वरूप अब जर्मन की कंपनियों ने मध्यप्रदेश का रूख किया है। मध्यप्रदेश ग्लोबल स्टार्टअप एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत 18 अगस्त से 22 अगस्त तक पांच अग्रणी जर्मन टेक कंपनियों का दौरा शुरू हो रहा है। इसमें म.प्र. और जर्मनी के बीच व्यापार एवं नवाचार को मजबूती मिलेगी। म.प्र. के उद्यमों और जर्मन कंपनियों के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ेंगी। साथ ही तकनीकी आदान-प्रदान और निवेश अवसरों में वृद्धि होगी। म.प्र. ग्लोबल स्टार्ट अप एक्सचेंज कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी हस्तांतरण को प्रोत्साहित करना, एआई, डेटा एनालिटिक्स और आईटी उद्योग में श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों, नवाचारी प्रयासों का आदान-प्रदान करना है।

जर्मन कम्पनियों का यह दौरा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं का सेतु बनेगा। इससे प्रदेश में अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा को नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि इस तरह की वैश्विक तकनीकी साझेदारी से प्रदेश में नवाचार और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ÷यह पहल केवल तकनीकी सहयोग का आरंभ नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के लिए एक व्यापक नवाचार यात्रा की नींव है। ग्लोबल नॉलेज एक्सचेंज और कटिंग-एज टेक्नोलॉजी से विकसित होने वाली ट्रांस्फ़ॉर्मेटिव साझेदारियाँ प्रदेश के स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचाने में सहायक होंगी।

प्रतिनिधिमंडल में टाइलर्स के श्री स्टीवन रैनविक, टैलोनिक के श्री निकोलस, स्टेएक्स के श्री एलेक्सजेन्ड्रा के मिकीटयूक, क्यू-नेक्ट-एजी के श्री मटियास प्रोग्चा और क्लाउड-स्क्रिड के श्री फिलिप रेजमूश शामिल हैं। ये कंपनियां वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा इंटीग्रेशन, वर्कफ़्लो ऑटोमेशन, आईओटी और कनेक्टिविटी सॉल्युशंस, एंटरप्राइज़ सॉफ्टवेयर तथा डॉक्यूमेंट प्रोसेसिंग एआई तकनीक के क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए जानी जाती हैं। इन कंपनियों का अनुभव और तकनीकी क्षमता मध्यप्रदेश के उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स और युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगी।

## बैडमिंटन कहीं बीते जमाने की बात न हो जाए, शटल कॉक के उत्पादन में कमी से बढ़ रहा संकट



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकप्रिय खेल बैडमिंटन इस समय एक अप्रत्याशित संकट से गुजर रहा है। गूस (बतख जैसे दिखने वाले पक्षी), बतख और हंस के पंख से बनने वाली बैडमिंटन की चिड़िया (शटल कॉक) के उत्पादन में कमी आ रही है।

गुणवत्तापूर्ण शटल प्राप्त करने में कठिनाई झेल रहे- दुनियाभर में राष्ट्रीय बैडमिंटन संघ अपने शटलरों के लिए गुणवत्तापूर्ण शटल प्राप्त करने में कठिनाई झेल रहे हैं, जिन्हें मिल भी रहे हैं, उन्हें सामान्य दरों से कहीं अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।

सूत्रों के मुताबिक हैदराबाद स्थित पुलेला गोपीचंद अकादमी के पास अब केवल दो सप्ताह का शटल कॉक स्टॉक बचा है। यूरोप में भी फ्रांस जैसे देशों ने इसी तरह की चिंता जताई है। यहां तक कि कुछ ने जूनियर स्तर की प्रतियोगिताओं में वैकल्पिक उपायों पर विचार करना शुरू कर दिया है।

बैडमिंटन खेल की नींव को हिला सकता है ये संकट- यह संकट इतना गंभीर है कि खेल की नींव को हिला सकता है। हालांकि कुछ साल पहले विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) ने सिंथेटिक शटल कॉक के इस्तेमाल की अनुमति दी थी लेकिन बाद में तकनीकि कारणों से इस फैसले को वापस ले लिया गया था।

## मेघालय सीएम संगमा का गजब का टैलेंट, पियानो पर बजाया पहला नशा



नई दिल्ली (एजेंसी)। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने राजभवन में 150 साल पुराने पियानो पर बॉलीवुड के क्लासिक गीत पहला नशा की प्रस्तुति देकर राज्यपाल सी. एच. विजयशंकर सहित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सीएम संगमा ने 1992 की फिल्म जो जीता वही सिकंदर का गीत बजाने बजाया जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें राज्यपाल विजयशंकर मुख्यमंत्री के पियानो कौशल की प्रशंसा करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

यह पहली बार नहीं है जब सीएम संगमा अपनी संगीत प्रतिभा के लिए सुर्खियों में आए हैं। संगीत के प्रति अपने प्रेम के लिए जाने जाने वाले मुख्यमंत्री इससे पहले भी अपने गिटार वादन से लोगों का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं।

2023 में, सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में मुख्यमंत्री को मेटल बैंड आयरन मेडेन के वेस्टेड इयर्स के प्रतिष्ठित गिटार सोलो को सहजता से बजाते हुए दिखाया गया था।

## दिल्ली में जारी रहेगा बारिश का दौर, मुंबई में रेड अलर्ट; हिमाचल में भूस्खलन की संभावना



नई दिल्ली (एजेंसी)। देशभर में मॉनसून का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि दिल्ली में रविवार को भी बादल छाए रहेंगे। गरज वाले बादलों के साथ सुबह से दोपहर के दौरान हल्की वर्षा के एक दो दौर संभावित हैं। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री जबकि अधिकतम 33 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। वहीं, हिमाचल और उत्तराखंड में कई जगहों पर भूस्खलन की चेतावनी जारी की है।

आईएमडी ने मुंबई समेत छह जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया- भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शनिवार सुबह महाराष्ट्र के रत्नागिरी, रायगढ़, मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, ठाणे और पालघर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया। आईएमडी के मौसम पूर्वानुमान में अगले तीन से चार घंटों तक इन इलाकों में मध्यम से तीव्र बारिश की संभावना जताई गई है।

इस बीच, शनिवार को मुंबई में भारी बारिश हुई, जिससे शहर के कई हिस्सों में भीषण जलभराव हो गया। शहर में लगातार बारिश के कारण गांधी नगर, किंग्स सर्कल और सायन रेलवे स्टेशन पर भीषण जलभराव हो गया।

यूपी में मौसम का हाल- यूपी में मानसून की रफ्तार कहीं तेज तो कहीं धीमी है। 24 घंटे से पूर्वी यूपी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश पर ब्रेक लगा है। हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि आज 17 और 18 अगस्त को वेस्ट यूपी में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछार पड़ने की संभावना है।

## कपड़ा-फुटवियर से लेकर घी-मक्खन तक हो जाएंगे सस्ते, जीएसटी प्रणाली में बदलाव से होगा बड़ा असर



नई दिल्ली (एजेंसी)। जीएसटी प्रणाली से 12 और 28 प्रतिशत कर वाले स्लैब को समाप्त करने पर कपड़ा-फुटवियर से लेकर घी-मक्खन तक सस्ते हो जाएंगे। 1000 रुपये से अधिक कीमत वाले शर्ट-पैंट और फुटवियर खरीदने पर 12 प्रतिशत टैक्स लगता है, जबकि 1000 रुपये से कम कीमत वाले शर्ट-पैंट व फुटवियर पर पांच प्रतिशत जीएसटी देना पड़ता है। अब सभी प्रकार के शर्ट-पैंट और फुटवियर पर पांच प्रतिशत टैक्स लगेगा।

अब सात प्रतिशत तक कम टैक्स लगेगा- सरकार की ओर से जारी नए प्रस्ताव के मुताबिक, 12 प्रतिशत के स्लैब में शामिल 99 प्रतिशत उत्पादों को पांच प्रतिशत कर की श्रेणी में शामिल कर दिया जाएगा। ऐसे में दैनिक रूप में इस्तेमाल होने वाले सैकड़ों उत्पादों पर अब पहले के मुकाबले सात प्रतिशत तक कम टैक्स लगेगा और ग्राहकों को कम कीमत चुकानी होगी। इनमें मुख्य रूप से ड्राइ फरूट, सभी प्रकार के पैक्ड नमकीन, प्रोसेस्ड फूड, चटनी, जैम, जेली, पैक्ड नारियल पानी, पैक्ड जूस, 20 लीटर वाली पानी की पैक्ड बोतल, पास्ता, पेंसिल, टूथ पाउडर, जूट व काटन का हैंडबैग, शॉपिंग बैग, मोमबत्ती, टायलेट में इस्तेमाल होने वाले सामान, मच्छरदानी, म्यूनीज, विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक व अन्य दवाइयां, पास्ता, परदा, किचनवेयर, फसल काटने वाली मशीन, थ्रेशिंग मशीन, मेडिसिनल ग्रेड आक्सीजन, सिंथेटिक धागे, एल्युमीनियम के बर्तन, स्पोर्ट्स गुड्स, फर्नीचर, नट-बोल्ट, सिलिकान वेफर, रेलवे में इस्तेमाल होने वाले उत्पाद आदि शामिल हैं।

## 2035 तक तैयार हो जाएगा इंडियन स्पेस स्टेशन



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने कहा कि चंद्रयान और मंगलयान जैसी ऐतिहासिक सफलताएं अर्जित की गई हैं, लेकिन आने वाले समय में हमारी महत्वाकांक्षाएं और भी बड़ी हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब अपने अंतरिक्ष अन्वेषण को एक कदम और आगे बढ़ाते हुए शुक्र ग्रह की ओर भी जाएगा। इस दिशा में शुक्रयान (वीनस आर्बिटर मिशन) को मंजूरी मिल गई है। इस मिशन के तहत भारत एक अंतरिक्ष यान को शुक्र ग्रह की कक्षा में स्थापित करेगा।

## बदल जाएगा PMO का पता, 78 साल बाद इस नए जगह पर शिफ्ट होने वाला है प्रधानमंत्री कार्यालय



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री कार्यालय यानी का पता बदलने वाला है। वर्तमान में पीएमओ साउथ ब्लॉक में स्थित है जो अगले महीने एग्जिक्यूटिव एन्कलेए में शिफ्ट हो जाएगा।

सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत तैयार किए गए इस नए एन्क्लेव में प्रधानमंत्री कार्यालय के अलावा कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और एडवांस कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा भी होगी।

गौरतलब है कि नया PMO प्रधानमंत्री के आवास से अधिक से ज्यादा नजदीक है। साउथ ब्लॉक स्थित PMO में आधुनिक सुविधाओं की कमी है। वहीं, जगहों की भी कमी महसूस की जा रही है।

दफ्तर का दिया जा सकता है नया नाम- जानकारी के मुताबिक, नए PMO का नामकरण भी कुछ नया किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल से पहले संबोधन में कहा था कि PMO जनता का होना चाहिए। यह मोदी का PMO नहीं है।

हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने गृह मंत्रालय और कार्मिक मंत्रालय के नए कार्यालय कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रशासनिक मशीनरी अभी भी ब्रिटिश कालीन इमारतों से काम कर रही है, जहां रोशनी और वेंटिलेशन की कमी है।

बता दें कि नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक पिछले 8 दशकों से भारत सरकार के काम काज का केंद्र रहा है। दोनों ब्लॉक को युगे युगीन भारत संग्रहालय नामक एक सार्वजनिक संग्रहालय में बदल दिया जाएगा।

# वॉशिंगटन डीसी में हालात बेकाबू, ट्रंप की रिक्वेस्ट पर वेस्ट वर्जीनिया से भेजे गए सैकड़ों नेशनल गार्ड



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में हालात बेकाबू होते जा रहे हैं और इसीलिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नेशनल गार्ड की तैनाती बढ़ा दी है। उनके निवेदन पर वेस्ट वर्जीनिया से सैकड़ों नेशनल गार्ड राजधानी भेजे जा रहे हैं।

वेस्ट वर्जीनिया के गवर्नर पैट्रिक मॉरिसी ने शनिवार को घोषणा की कि वह रिपब्लिकन प्रशासन के अनुरोध पर 300 से 400 लोगों का एक दल वॉशिंगटन भेज रहे हैं। उनके कार्यालय ने एक बयान में कहा कि वे उपकरणों और विशेष प्रशिक्षण सेवाओं के साथ जिले में पहुंचेंगे।

वेस्ट वर्जीनिया के गवर्नर ने क्या कहा- मॉरिसी ने कहा, वेस्ट वर्जीनिया को हमारे देश की राजधानी के गौरव और सौंदर्य को बहाल करने के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयास में उनके साथ खड़े होने पर गर्व है। हमारे नेशनल गार्ड के पुरुष और महिलाएं हमारे राज्य के सर्वश्रेष्ठ का प्रतिनिधित्व करते हैं और यह मिशन एक मजबूत और सुरक्षित अमेरिका के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

वॉशिंगटन की पुलिस पर ट्रंप का कंट्रोल- ट्रंप ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था कि उन्होंने राजधानी में डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया होम रूल एक्ट की धारा 740 लागू कर दी है। इसके तहत डीसी मेट्रोपॉलिटन पुलिस अब सीधे ट्रंप शासन के कंट्रोल में काम करेगी।

उन्होंने कहा था कि हमारी राजधानी को हिंसक गिरोहों और अपराधियों ने घेर लिया है। वॉशिंगटन डीसी में हालात काबू से बाहर हो चुके हैं। इन्हें जल्दी ही ठीक कर लिया जाएगा। कानून व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा के लिए नेशनल गार्ड तैनात किए जा रहे हैं। उन्हें उनका काम करने के लिए खुली छूट दी जाएगी।

## भारत की तरफ दोस्ती का हाथ और क्रिप्च को पनडुब्बी... चीन के डबल गेम का पर्दाफाश! किस तरह दुश्मन की मदद कर रहा ड्रैगन



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन की ओर से पाकिस्तान की सैन्य ताकत को लगातार मजबूत बनाने की कोशिश की जा रही है। चीन ने एलान किया है कि पाकिस्तान को आठ हंगोर-श्रेणी की पनडुब्बियां देना वाला है। आठ में से तीन पनडुब्बियां चीन ने पाकिस्तान को सौंप दिया है। ड्रैगन लगातार पाकिस्तान नौसेनिक ताकत बढ़ा रहा है।

इससे पहले पाकिस्तान के लिए बनाई जा रही आठ पनडुब्बियों में से दूसरी पनडुब्बी इस वर्ष मार्च में सौंपी गई थी। इन पनडुब्बियों को पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह के साथ-साथ हिंद महासागर में तैनात किया है।

पाकिस्तान के उप नौसेना प्रमुख परियोजना-2 वाइस एडमिरल अब्दुल समद ने कहा कि हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी के अत्याधुनिक हथियार और उन्नत सेंसर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को बनाए रखने और समुद्री स्थिरता सुनिश्चित करने में सहायक होंगे।

चीन की रहमो करम पर टिकी PAK की सैन्य ताकत- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने पाकिस्तान के 81 प्रतिशत से ज्यादा सैन्य उपकरणों की आपूर्ति की।

SIPRI डेटाबेस के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में पाकिस्तान के कुछ प्रमुख ऑर्डरों में देश का पहला जासूसी जहाज, रिजवान; 600 से ज्यादा VT-4 युद्धक टैंक और 36 J-10CE 4.5-पीढ़ी के लड़ाकू विमान शामिल हैं। चीन ने 2022 में पाकिस्तानी वायु सेना को बहुउद्देशीय J-10CE लड़ाकू विमानों की पहली खेप भेजी थी।

बता दें कि जल्द ही चीनी विदेश मंत्री वांग यी, सोमवार को भारत पहुंच रहे हैं। बता दें कि ट्रंप द्वारा भारत और चीन पर टैरिफ लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों में गरमाहट बढ़ चुकी है।

### होटल रूम में तांत्रिक ने मेरा..., डिप्रेशन का शिकार चीनी अभिनेत्री ने टैलेंट कंपनी पर लगाए सनसनीखेज आरोप



नई दिल्ली (एजेंसी)। नेटफ्लिक्स ड्रामा हिडन लव मूवी सीरीज चीनी एक्ट्रेस झाओ लुसी ने एक मीडिया कंपनी पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। तियानजिन गैलेक्सी कूल एंटरटेनमेंट कल्चर मीडिया कंपनी लिमिटेड पर उन्होंने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है।

26 वर्षीय झाओ ने कहा कि जब उन्होंने कंपनी से डिप्रेशन की शिकायत की तो कुछ अधिकारियों ने उन्हें होटल के कमरे में बंद कर दिया। वहीं, उसका इलाज किसी तांत्रिक से कराने की कोशिश की।

कंपनी पर लगाया प्रताड़ना का आरोप- डिप्रेशन और दूसरी वजहों से पिछले साल दिसंबर में वो बीमार पड़ गईं। इसी बीच कंपनी ने झाओ को फिल्म कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने के लिए 2 मिलियन युआन (2,80,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भरने को कहा। उन्होंने कंपनी पर वर्षों से मौखिक और शारीरिक तौर पर उत्पीड़न का भी आरोप लगाया।

झाओ की एक दोस्त ने दावा किया कि एक बार ऑडिशन में फेल होने पर उनके बॉस ने उन्हें रात के 2 बजे बाथरूम में घंटों डांटा था। सोशल मीडिया पर झाओ के फैंस उनके समर्थन में उतर चुके है।

### पाकिस्तान में बड़ा हादसा, पैसेंजर ट्रेन डिरेल होने से 1 की मौत और 20 से ज्यादा लोग घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में एक बार फिर बड़ा ट्रेन हादसा देखने को मिला है। रविवार को पैसेंजर ट्रेन की 4 बोगियां अचानक पटरी से नीचे उतर गईं। इस हादसे में 1 यात्री की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हैं। इनमें 2 लोगों की हालत काफी नाजुक है।

यह हादसा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हुआ। यात्रियों से भरी पैसेंजर ट्रेन लोधरान रेलवे स्टेशन के पास अचानक बेपटरी हो गई। यह ट्रेन पेशावर से कराची जा रही थी, तभी यह हादसा हो गया।

19 लोगों को बचाया- जियो न्यूज के अनुसार, इस हादसे में ट्रेन के 4 कोच बेपटरी होकर बुरी तरह से डैमेज हो गए। ट्रेन में फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। कम से कम 19 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

2 की हालत गंभीर- लोधरान की डिप्टी कमिश्नर डॉ.लुबना नाजिर के अनुसार, 2 अन्य लोगों की हालत गंभीर है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे की वजह अभी तक पता नहीं चल सकी है। हादसे के बाद यह रूट कुछ घंटों के लिए बंद कर दिया गया था।

### बच्चों से अश्लील बातें, झूठ बोलने में माहिर... विवादों में घिरा मेटा के एआई चैटबॉट; अमेरिकी सांसद ने दिए जांच के आदेश



नई दिल्ली (एजेंसी)। आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का जमाना है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक, कई लोग एआई चैटबोट को अपना दोस्त बना चुके हैं। हर छोटी-बड़े प्रश्न का उत्तर लोग एआई से मांगते हैं और एआई भी झटपट सभी सवालों के जवाब दे देता है।

मगर, यह कौन तय करेगा कि वो जवाब सही हैं या नहीं? कहीं एआई आपको गुमराह तो नहीं कर रहा है? ऐसे ही एक मामले को लेकर मेटा का एआई चैटबॉट विवादों में घिर गया है।

मार्क जुकरबर्ग की बढ़ी मुश्किल- दरअसल मेटा ने हाल ही 200 पेज की पॉलिसी जारी की थी, जिसमें कंपनी ने स्पष्ट किया कि मेटा का एआई न सिर्फ झूठी जानकारी बना सकता है बल्कि बच्चों से रोमांटिक चैट करने में भी माहिर है। इसे लेकर अब अमेरिका के कई सांसदों ने मेटा कंपनी के मालिक मार्क जुकरबर्ग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

अमेरिकी सांसद ने पूछे सवाल- अमेरिकी सांसद जोश हॉली ने मेटा के खिलाफ जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने मेटा कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को पत्र लिखकर जवाब मांगा है। जोशी ने अपने पत्र में पूछा, क्या मेटा का एआई टूल बच्चों से संवेदनशील बातें, धोखाधड़ी समेत आपराधिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है?

नील यंग ने छोड़ा फेसबुक- मेटा एआई चैटबॉट पर मेडिकल से जुड़ी झूठी जानकारी देने और नस्लीय भेदभाव को बढ़ावा देने का आरोप लगा है। अमेरिकी सांसद मार्शा ब्लैकबर्न ने भी मेटा के खिलाफ इस जांच का समर्थन किया है। फेमस सिंगर नील यंग ने मेटा की इस पॉलिसी का विरोध करते हुए फेसबुक छोड़ दिया है।

## तो कुछ भी हो सकता था... पुतिन से मुलाकात के बाद ट्रंप ने फिर किया भारत-पाक संघर्ष का जिक्र



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष का जिक्र किया। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि दो परमाणु सशक्त देशों के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी।

अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन के बाद फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि मेरा मुख्य लक्ष्य लोगों का जान बचाना है। ट्रंप ने कहा,÷मैं हार हाल में लोगों की जान बचाना चाहता हूं।

भारत-पाकिस्तान संघर्ष परमाणु युद्ध में बदल सकता था, लेकिन मैंने ऐसे होने से रोका। मेरा पहली प्राथमिकता लोगों को बचाना है। बता दें कि पाकिस्तान ने लगातार ट्रंप को सैन्य संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया है।

इससे पहले व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि राष्ट्रपति ने अपने कार्यकाल के पहले छह महीनों में औसतन हर महीने एक शांति समझौता या युद्ध विराम कराया है, उन्होंने नोबेल के लिए ट्रंप की मांग को दोहराया था।

ट्रम्प ने यह दावा किया कि उन्होंने पिछले छह महीनों में छह युद्धों को सुलझाया है, जिसमें भारत-पाकिस्तान संघर्ष भी शामिल है। हालांकि, भारत ने बार-बार कहा है कि न तो अमेरिका की मध्यस्थता थी और न ही व्यापारिक सौदों का कोई प्रस्ताव था।

## पुतिन ने खोल दी ट्रंप की पोल! भारत पर धौंस दिखाकर अमेरिका खुद रूस से कर रहा जबरदस्त बिजनेस




नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले कुछ दिनों से अमेरिका और भारत के बीच रिश्तों में थोड़ी खटास पैदा हो गई है। वजह है टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एकतरफा फरमान।

उन्होंने भारत पर सिर्फ इसलिए 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान कर दिया क्योंकि हमारा देश रूस से तेल खरीदता है। ट्रंप का कहना है कि रूस से व्यापार कर भारत यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में उसकी मदद कर रहा है।

एक तरफ जहां रूस से व्यापार करने पर अमेरिका ने भारत के खिलाफ कार्रवाई की वहीं, दूसरी ओर 15 अगस्त को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद ही कह दिया कि उनके दूसरे कार्यकाल के दौरान यानी ट्रंप 2.0 में यूएस और रूस के बीच व्यापार 20 फीसदी बढ़ा है।

पुतिन ने खोल दी ट्रंप की पोल- अमेरिका-रूस व्यापार को लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। अलास्का में शिखर सम्मेलन के दौरान पुतिन ने कहा, ÷संयोग से, जब अमेरिका में नया प्रशासन सत्ता में आया, तो द्विपक्षीय व्यापार बढ़ने लगा। यह अभी भी बहुत प्रतीकात्मक ही है, फिर भी हमारी ग्रोथ रेट 20% है।

उन्होंने आगे कहा कि इससे स्पष्ट है कि अमेरिका और रूस के निवेश और व्यावसायिक सहयोग में अपार संभावनाएं मौजूद हैं और व्यापार, डिजिटल, उच्च तकनीक से लेकर अंतरिक्ष अन्वेषण में अवसर हैं।

# क्या टैरिफ पर अब झुक जाएंगे ट्रंप? पूर्व राजनयिक ने बताया मीटिंग में पुतिन ने कैसे दिया भारत का साथ



नई दिल्ली (एजेंसी)। अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात के बाद सभी के मन में सिर्फ एक सवाल है कि क्या ट्रंप अब टैरिफ पर झुक जाएंगे? क्या ट्रंप भारत पर लगे 50 प्रतिशत टैरिफ को कम कर देंगे? पूर्व राजनयिक वीना सीकरी ने इसपर सकारात्मक संकेत दिए हैं।

वीना का कहना है कि पुतिन और ट्रंप की मुलाकात से कुछ अच्छा नतीजा निकल सकता है। इस मुलाकात के दौरान ट्रंप ने टैरिफ का मुद्दा जरूर उठाया होगा।

वीना सीकरी के अनुसार, ट्रंप ने पुतिन के साथ टैरिफ पर जरूर बात की होगी। ऐसा लगता है कि दोनों नेताओं में इस बात पर सहमति बनी होगी कि भारत, चीन और यूरोपियन यूनियन पर रूस से तेल खरीदने के कारण टैरिफ नहीं लगाया जाएगा।

वीना सीकरी का कहना है- मुमकिन है कि अब रूस और अमेरिका के बीच में भी व्यापार शुरू हो जाए। पुतिन ने इसपर बात की होगी। पुतिन खुद इस बारे में कहा था कि हां, अमेरिका के साथ हमारा व्यापार अच्छा है। इससे लगता है कि अब अमेरिका रूस से तेल खरीदने के कारण और टैरिफ नहीं लगाएगा। हो सकता है कि टैरिफ वॉर कुछ समय के लिए स्थगित हो जाए।

टैरिफ पर ट्रंप ने क्या कहा- बता दें कि ट्रंप के मंत्री स्कॉट बेसेंट ने ट्रंप और पुतिन की बैठक से पहले ही भारत को धमकी दी थी कि अगर यह मीटिंग सफल नहीं रही तो भारत पर टैरिफ बढ़ाया जा सकता है।

पूर्व राजनयिक के अनुसार, बैठक के बाद जब पत्रकारों ने ट्रंप से पूछा कि चीन पर टैरिफ क्यों नहीं बढ़ाया गया, वो भी रूस से तेल खरीद रहे हैं? तो राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अभी वो कुछ हफ्ते तक देखेंगे, उसके बाद तय करेंगे कि टैरिफ लगाना चाहिए या नहीं।

## द बंगाल फाइल्स के ट्रेलर पर बवाल, विवेक अग्निहोत्री के आरोपों पर कोलकाता पुलिस ने दिया जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। बॉक्स ऑफिस की अपकमिंग फिल्म द बंगाल फाइल्स रिलीजिंग से पहले ही विवादों में है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसे लेकर हंगामा खड़ा हो गया। फिल्म के निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में सार्वजनिक तौर पर ट्रेलर दिखाया था। कोलकाता पुलिस का आरोप है कि ट्रेलर के पब्लिक व्यू से पहले विवेक ने पुलिस से इजाजत नहीं ली थी।

कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, बिना परमीशन के ट्रेलर दिखाना पश्चिम बंगाल सिनेमा (विनियमन) अधिनियम, 1954 की धारा 3 का उल्लंघन है। अगर उन्होंने परमीशन ली थी, तो वो मीडिया को जरूरी दस्तावेज दिखाएं।

क्या है पूरा मामला- दरअसल विवेक अग्निहोत्री ने शनिवार को दावा किया था कि कोलकाता के 5 सितारा होटल में उन्होंने द बंगाल फाइल्स की ट्रेलर लॉन्च सेरेमनी आयोजित की थी, जिसे जबरन रोक दिया गया। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में कोलकाता पुलिस की एंट्री का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। यह सबकुछ आपके सामने हुआ। CBFC के द्वारा अप्रूव की गई फिल्म के ट्रेलर लॉन्च को रोक दिया गया।

## हादसों की दही हांडी, उत्सव के दौरान मुंबई और पुणे में 2 लोग मौत; 210 से ज्यादा घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई और ठाणे में दही हांडी उत्सव के दौरान दो लोगों की मौत हो गई और 210 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

इस उत्सव में मशहूर हस्तियों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। ठाणे में बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा, चंकी पांडे और सुनील शेट्टी शनिवार को आयोजित इस उत्सव में शामिल हुए।

हांडी उत्सव में शामिल हुए राजनेता- महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए दोनों दलों के बीच संभावित गठबंधन की अटकलों के बीच, शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कुछ नेता भी इस उत्सव में शामिल हुए। वहीं, दूसरी ओर दही हांडी महोत्सव में राजनेताओं ने भी शिरकत की। शिवसेना और स्न्हस द्वारा मुंबई सहित कई इलाकों में दही हांडी का आयोजन किया गया।

ठाणे के कई मंडलों में इस उत्सव में भारी भीड़ उमड़ी, जहां अभिनेता गोविंदा, चंकी पांडे और सुनील शेट्टी भी समारोह में शामिल हुए। ठाणे के टेंबी नाका इलाके में आयोजित दही हांडी उत्सव में अभिनेता गोविंदा ने अपने कुछ लोकप्रिय गानों पर ठुमके भी लगाए। इस दौरान उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद थे।

# कौन हैं ये बुजुर्ग, जिसने राहुल गांधी के काफिला को बीच में ही रोका; बिहार यात्रा से पहले सामने आया वीडियो



नई दिल्ली (एजेंसी)। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज बिहार के दौरे पर हैं। राहुल ने आज पटना से वोटर अधिकार यात्रा का शंखनाद कर दिया है। हालांकि, बिहार जाने से पहले राहुल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो बीच सड़क पर बुजुर्ग व्यक्ति से बात करते दिखाई दे रहे हैं।

दरअसल आज सुबह राहुल बिहार जाने के लिए नई दिल्ली स्थित आवास से बाहर निकले थे कि एक बुजुर्ग व्यक्ति ने उनका काफिला बीच में ही रोक लिया। राहुल ने कुछ देर उनसे बात की और फिर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए।


बुजुर्ग को देख राहुल ने काफिला रोका- राहुल गांधी घर से बाहर निकले तो बुजुर्ग व्यक्ति ने उन्हें इशारा किया, जिसके बाद राहुल ने अपना काफिला बीच में ही रोक दिया। हालांकि, इस दौरान राहुल गाड़ी से बाहर नहीं आए, लेकिन उन्होंने बुजुर्ग व्यक्ति को अपने पास बुलाकर उनकी पूरी बात सुनी और फिर उनसे कुछ कहकर वहां से चले गए।

कौन हैं वो बुजुर्ग शख्स- यह वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल होने लगा, जिसमें हर कोई उस बुजुर्ग व्यक्ति के बारे में जानने को उत्सुक है। दरअसल उनका नाम करुणा प्रसद मिश्रा है, जो मध्य प्रदेश के सीधी जिले के रहने वाले हैं और चुरहट विधानसभा के मतदाता हैं।

राहुल गांधी से मेरा आज का नहीं, बल्कि बहुत पुराना रिश्ता है। महात्मा गांधी के बाद वो पहले भारतीय नवयुवक हैं, जिन्होंने पूरे हिंदुस्तान की यात्रा की। इसलिए मेरी नैतिकता है कि मैं भी उन्हें गाइड करूं।

राहुल से क्या बात हुई- काफिला रुकवाने के बाद करुणा प्रसाद मिश्रा ने राहुल गांधी से क्या बात की? इसके जवाब में वो कहते हैं, हमारी बिहार यात्रा पर ही बात हो रही थी। राहुल ने जाते हुए मुझे आश्वासन दिया कि वो जल्द ही मुझे बिहार बुलाने का इंतजाम करेंगे। उन्होंने कहा अपना नंबर नोट करवा दीजिए, हम आपके आने की व्यवस्था करते हैं। राहुल ने मुझसे यहां ठहरने के बारे में भी पूछा, लेकिन मैंने मना कर दिया।

# 7 दिन में माफी, गलत सूचना और कंधे पर बंदूक... राहुल गांधी के वोट चोरी वाले आरोप पर चुनाव आयोग के फैक्टर



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोप और विपक्षी दलों की ओर से बिहार एसआईआर पर मचाए राजनीतिक बवाल पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार (17 अगस्त, 2025) को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची में सभी कमियों को दूर करना है और यह गंभीर चिंता का विषय है कि कुछ दल इसके बारे में गलत सूचना फैला रहे हैं और चुनाव आयोग के कंधे से निशाना साध रहे हैं।

ज्ञानेश कुमार की पीसी की 5 बड़ी बातें- सीईसी ने डबल वोटिंग और वोट चोरी के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि सभी हितधारक पारदर्शी तरीके से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को सफल बनाने के लिए काम कर रहे हैं। राहुल गांधी के आरोपों पर उन्होंने कहा कि या तो वो 7 दिन में हलफनामा दायर किया जाए नहीं तो देश से माफी मांगे।

विपक्ष की ओर से बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के समय पर सवाल उठाए जाने पर कुमार ने कहा कि यह एक मिथक है कि एसआईआर जल्दबाजी में किया गया है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक चुनाव से पहले मतदाता सूची को सही करना चुनाव आयोग का कानूनी कर्तव्य है।

उन्होंने कहा, यह गंभीर चिंता का विषय है कि कुछ दल और उनके नेता बिहार में एसआईआर पर गलत सूचना फैला रहे हैं। कुछ राजनीतिक दल चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर निशाना साध रहे हैं। चुनाव आयोग सभी राजनीतिक दलों से बिहार में मसौदा मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज करने का आग्रह करता है। अभी 15 दिन बाकी हैं।

उन्होंने कहा, चुनाव आयोग के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं और बूथ स्तर के अधिकारी और एजेंट पारदर्शी तरीके से मिलकर काम कर रहे हैं। कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के बीच भेदभाव नहीं कर सकता। सत्तारूढ़ और विपक्षी दोनों दल चुनाव आयोग के सामने समान हैं।

# भगवान क्या 2 दिन पैदा हो सकते हैं?, केरल में जन्माष्टमी न मनाए जाने पर शशि थरूर ने उठाए सवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीते दिन कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरे देश में बड़े धूमधाम से मनाया गया। हालांकि अब इसे लेकर सियासी गलियारों में सवाल उठने लगे हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने केरल में जन्माष्टमी न मनाने पर प्रश्न पूछा है। उनका कहना है कि जब पूरे देश में जन्माष्टमी 16 अगस्त को मनाई गई, तो केरल में 6 हफ्ते बाद क्यों मनाई जाएगी?

दरअसल मलयालम कैलेंडर के अनुसार, इस साल जन्माष्टमी 14 सितंबर 2025 (रविवार) को मनाई जाएगी। मगर, शशि थरूर ने इसपर आपत्ति जताई है। शशि थरूर का कहना है कि केरल के लोग क्रिसमस का त्योहार अलग-अलग नहीं मनाते हैं, तो जन्माष्टमी पर भेदभाव क्यों होता है?

शशि थरूर ने क्या कहा- शशि थरूर ने आज सुबह सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए यह सवाल पूछे हैं।

शनिवार पूरे देश में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई - सिर्फ केरल को छोड़ कर! मलयालम कैलेंडर में इस साल जन्माष्टमी 14 सितंबर 2025 (रविवार) को है।

क्रिसमस तो अलग नहीं मनाते- शशि थरूर- शशि थरूर ने आगे लिखा, क्या कोई मुझे बता सकता है कि ऐसा क्यों है? यह तो पक्का है कि भगवान दो अलग-अलग तारीखों पर पैदा नहीं हो सकते हैं, एक बार अभी और एक बार छह हफ्ते बाद! क्या ऐसा नहीं हो सकता कि एक धर्म के सभी अनुयायी सारे त्योहार एक साथ मना सकें? आखिर केरल के लोग क्रिसमस तो अलग-अलग नहीं मनाते हैं।

कृष्ण से सीख लेने की दी सलाह- इससे पहले भी शशि थरूर ने एक वीडियो शेयर करते हुए भगवान श्री कृष्ण की सलाह पर बात की थी।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 शुक्ल दशमी



## संपादकीय

# राष्ट्रीय हो या अंतर्राष्ट्रीय, सदैव सबसे स्थायी और प्रभावशाली समाधान साधनों में से एक रहा है



वैश्विक स्तरपर मानव इतिहास में संवाद, चाहे वह व्यक्तिगत हो, राष्ट्रीय हो या अंतर्राष्ट्रीय,सदैव सबसे स्थायी और प्रभावशाली समाधान साधनों में से एक रहा है। युद्ध, हिंसा और हिंसात्मक संघर्षों ने अक्सर विनाश और अपरिवर्तनीय क्षति लाई है, जबकि बातचीत ने सम्मान, समझ और स्थायी परिवर्तन संभव करनेमें केंद्रीय भूमिका निभाई है। वर्तमान में, डोनाल्ड ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन की हालिया मुलाकात (15 अगस्त 2025,देर रात्रि अलास्का) इस दृष्टिकोण का एक नवीनतम और व्यापक रूप से चर्चित उदाहरण हैं। एक व्यापक, विवेचनात्मक और संदर्भ-पूर्ण विश्लेषण।संवाद सिर्फ शब्दों की अदला-बदली नहीं है;यह एक संरचित प्रक्रिया है जो समझ, सहानुभूति और सहयोग को बढ़ावा देती है। इसका उद्देश्य मतभेदों को समझना,साझा दृष्टिकोण विकसित करना और पारस्परिक स्वीकार्य हल तक पहुंचना है। एक विद्वान के अनुसार,÷संवाद सिर्फ सूचना का आदान-प्रदान नहीं,यह साझा समझ और भरोसा पैदा करने के बारे में है÷।15 अगस्त, 2025 को देर रात्रि भारतीय समय अनुसार करीब 2 बजे जॉइंट बेसएलमेंडोर्फ-रिचार्डसों,अलास्का में ट्रंप और पुतिन की मुलाकात हुई, जिसको मैं अर्ली मॉर्निंग सुबह 5 बजे तक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल के माध्यम से कवर कर रहा था। दोनों नेताओं की यूक्रेन पर आक्रमण 2022 केबाद पहली आमने-सामने बातचीत हुई रूस के राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे÷शुरुआती कदम÷बताया, जिसे बाद में यूक्रेन के ज़ेलेंस्की को शामिल करने वाली त्रिपक्षीय वार्ता से संवर्धित किया जा सकता है।वहीं पुतिन के उद्देश्य गहरे और रणनीतिक रहे,उन्होंने कोई क्षेत्रीय समझौता नहीं छोड़ा, बल्कि नाटो से दूरी बनाए रखने और यूक्रेन को निर्बल करने की दिशा में सोचा वर्तमान में जब ट्रंप और पुतिन की मुलाकात चर्चा में है, यह बात स्पष्ट हो जाती है कि संवाद एक दोधारी तलवार है,यह युद्ध को टालने का आधार बन सकता है,लेकिन इसकी परिणति उद्देश्य, संरचना, निष्पक्षता और पक्षकारों की मंशा पर निर्भर करती है।संवाद, जब सही तरीकों से, सही समय और संरचना में होता है, तो यह शांति की ओर निर्णायक कदम हो सकता है। वर्तमान में ट्रंप-पुतिन मुलाकात एक संयोग नहीं, बल्कि एक अवसर हो सकती है,यदि इसे रणनीतिक रूप से और न्यायपूर्ण रूप से आगे ले जाया जाएअन्यथा,यह केवल दिखावटी संवाद बनकर रह जाएगा, जो संभवत संघर्ष को टालने की बजाय बढ़ा सकता है।

इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप पुतिन की ऐतिहासिक महामुलाकात-अलास्का में नहीं बनी बात-3 घंटे बैठक,कोई डील नहीं हुई,12 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस-अब मिशन मास्को की संभावना।

साथियों बात अगर हम ट्रंप प्रतिनिधि अलास्का में हुई हाई प्रोफाइल महामुलाकात के नतीजे को समझने की करें तो,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का मीटिंग करीब 3 घंटे तक चली,राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे÷ शुरुआती कदम÷बताया, जिसे बाद में यूक्रेन के ज़ेलेंस्की को शामिल करने वाली त्रिपक्षीय वार्ता से संवर्धित किया जा सकता है,वहीं पुतिन के उद्देश्य गहरे और रणनीतिक रहे,उन्होंने कोई क्षेत्रीय समझौता नहीं छोड़ा,बल्कि नाटो से दूरी बनाए रखने और यूक्रेन को निर्बल करने की दिशा में सोचा ।

# सुभाष चंद्र बोस



सुभाष चंद्र बोस के अतिरिक्त भारत के इतिहास में ऐसा कोई व्यक्तित्व नहीं हुआ, जो एक साथ महान् सेनापति, वीर सैनिक, राजनीति का अद्भुत खिलाड़ी और अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुरुषों, नेताओं के समकक्ष साधिकार बैठकर कूटनीति तथा चर्चा करने वाला हो। भारत की स्वतंत्रता के लिए सुभाष चंद्र बोस ने क़रीब-क़रीब पूरे यूरोप में अलख जगाया। बोस प्रकृति से साधु, ईश्वर भक्त तथा तन एवं मन से देशभक्त थे। महात्मा गाँधी के नमक सत्याग्रह को नेपोलियन की पेरिस यात्रा की संज्ञा देने वाले सुभाष चंद्र बोस का एक ऐसा व्यक्तित्व था, जिसका मार्ग कभी भी स्वार्थों ने नहीं रोका। जिसके पाँव लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटे, जिसने जो भी स्वप्न देखे, उन्हें साधा। नेताजी में सच्चाई के सामने खड़े होने की अद्भुत क्षमता थी।

### जीवन परिचय

सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी, सन 1897 ई. में उड़ीसा के कटक नामक स्थान पर हुआ था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पश्चिमी शक्तियों के विरुद्ध आज़ाद हिंद फ़ौज का नेतृत्व करने वाले बोस एक भारतीय क्रांतिकारी थे, जिनको ससम्मान नेताजी भी कहते हैं। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और माँ का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वक़ील थे। पहले वे सरकारी वक़ील थे, लेकिन बाद में उन्होंने निजी प्रैक्टिस शुरू कर दी थी।

उन्होंने कटक की महापालिका में लंबे समय तक काम किया था और वे बंगाल विधान सभा के सदस्य भी रहे थे। अंग्रेज़ सरकार ने उन्हें रायबहादुर का ख़िताब दिया था। प्रभावती देवी के पिता का नाम गंगानारायण दत्त था। दत्त परिवार को कोलकाता का एक कुलीन परिवार माना जाता था। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियाँ और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र बोस उनकी नौवीं संतान और पाँचवें बेटे थे। अपने सभी भाइयों में से सुभाष को सबसे अधिक लगाव शरदचंद्र से था। शरदबाबू प्रभावती और जानकीनाथ के दूसरे बेटे थे। सुभाष उन्हें मेजदा कहते थे। शरदबाबू की पत्नी का नाम विभावती था।

### बचपन

भारतीयों के साथ अल्पावस्था में अंग्रेज़ों का व्यवहार देखकर सुभाष चंद्र बोस ने अपने भाई से पूछा- दादा कक्षा में आगे की सीटों पर हमें क्यों बैठने नहीं दिया जाता है? बोस जो भी करते, आत्मविश्वास से करते थे। अंग्रेज़ अध्यापक बोस जी के अंक देखकर हैरान रह जाते थे। बोस जी के कक्षा में सबसे अधिक अंक लाने पर भी जब छात्रवृत्ति अंग्रेज़ बालक को मिली तो वह उखड़ गए। बोस ने मिशनरी स्कूल को छोड़ दिया। उसी समय अरविन्द ने बोस जी से कहा- हम में से प्रत्येक भारतीय को डायनमो बनना चाहिए, जिससे कि हममें से यदि एक भी खड़ा हो जाए तो हमारे आस-पास हज़ारों व्यक्ति प्रकाशवान हो जाएँ। अरविन्द के शब्द बोस के मस्तिष्क में गूँजते थे। सुभाष सोचते- हम अनुगमन किसका करें? भारतीय जब चुपचाप कष्ट सहते तो वे सोचते- धन्य हैं ये वीर प्रसूत। ऐसे लोगों से क्या आशा की जा सकती है?

### शिक्षा

एक संपन्न व प्रतिष्ठित बंगाली वक़ील के पुत्र सुभाष चंद्र बोस की शिक्षा कलकत्ता के प्रेज़िडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई, और उसके बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा (इण्डियन सिविल सर्विस) की तैयारी के लिए उनके माता-पिता ने बोस को इंग्लैंड के कॅम्ब्रिज विश्वविद्यालय भेज दिया। सन 1920 ई. में बोस ने इंडियन सिविल सर्विस की परीक्षा उत्तीर्ण की, लेकिन अप्रैल सन 1921 ई. में भारत में बढ़ती राजनीतिक सरगर्मी की ख़बर सुनकर बोस ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली और शीघ्र भारत लौट आए। अपने पूरे कार्यकाल में, ख़ासकर प्रारंभिक चरण में, बोस को अपने बड़े भाई शरतचंद्र बोस (1889-1950 ई.) का भरपूर समर्थन मिला, जो कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) के एक धनाढ्य वक़ील होने के साथ-साथ प्रमुख कांग्रेसी राजनीतिज्ञ भी थे।

### देश भक्ति की भावना

बोस जी अंग्रेज़ी शिक्षा को निषेधात्मक शिक्षा मानते थे। किन्तु बोस जी को उनके पिता ने समझाया- हम भारतीय अंग्रेज़ों से जब तक प्रशासनिक पद नहीं छीनेंगे, तब तक देश का भला कैसे होगा। सुभाष ने इंग्लैंड में जाकर आई. सी. एस. की परीक्षा उत्तीर्ण की। वे प्रतियोगिता में उत्तीर्ण ही नहीं हुए, चतुर्थ स्थान पर रहे। नेता जी एक बहुत मेधावी छात्र थे।

वे चाहते तो उच्च अधिकारी के पद पर आसीन हो सकते थे। परन्तु उनकी देश भक्ति की भावना ने उन्हें कुछ अलग करने के लिए प्रेरित किया। बोस जी ने नौकरी से त्याग पत्र दे दिया। सारा देश हैरान रह गया। बोस जी को समझाते हुए कहा गया- तुम जानते भी हो कि तुम लाखों भारतीयों के सरताज होगे? तुम्हारे हज़ारों देशवासी तुम्हें नमन करेंगे? सुभाष ने कहा-

मैं लोगों पर नहीं उनके मनों पर राज्य करना चाहता हूँ। उनका हृदय सम्राट बनना चाहता हूँ।

### कल्याण संदेश

एक शहर में हैजे का प्रकोप हो गया था। यह रोग इस हद तक अपने पैर पसार चुका था कि दवाएँ और चिकित्सक कम पड़ गए। चारों ओर मृत्यु का तांडव हो रहा था। शहर के कुछ कर्मठ एवं सेवाभावी युवकों ने ऐसी विकट स्थिति में एक दल का गठन किया। यह दल शहर की निर्धन बस्तियों में जाकर रोगियों की सेवा करने लगा। ये लोग एक बार उस हैजाग्रस्त बस्ती में गए, जहाँ का एक कुख्यात बदमाश हैदर ख़ाँ उनका घोर विरोधी था। हैदर ख़ाँ का परिवार भी हैजे के प्रकोप से नहीं बच सका। सेवाभावी पुरुषों की टोली उसके टूटे-फूटे मकान में भी पहुँची और बीमार लोगों की सेवा में लग गई। उन युवकों ने अस्वस्थ हैदर ख़ाँ के मकान की सफ़ाई की, रोगियों को दवा दी और उनकी हर प्रकार से सेवा की। हैदर ख़ाँ के सभी परिजन धीरे-धीरे भले-चंगे हो गए।

हैदर ख़ाँ को अपनी ग़लती का एहसास हुआ। उन युवकों से हाथ जोड़कर क्षमा माँगते हुए हैदर ख़ाँ ने कहा मैं बहुत बड़ा पापी हूँ। मैंने आप लोगों का बहुत विरोध किया, किंतु आपने मेरे परिवार को जीवनदान दिया। सेवादल के मुखिया ने उसे अत्यंत स्नेह से समझाया आप इतना क्यों दुखी हो रहे हैं? आपका घर गंदा था, इस कारण रोग घर में आ गया और आपको इतनी परेशानी उठानी पड़ी। हमने तो बस घर की गंदगी ही साफ़ की है। तब हैदर ख़ाँ बोला- केवल घर ही नहीं अपितु मेरा मन भी गंदा था, आपकी सेवा ने दोनों का मैल साफ़ कर दिया है। सुभाषचंद्र बोस इस सेवादल के ऊर्जावान नेता थे। जिन्होंने सेवा की नई इबारत लिखकर समाज को यह महान् संदेश दिया कि मानव जीवन तभी सार्थक होता है, जब वह दूसरों के कल्याण हेतु काम आए। वही मनुष्य सही मायनों में कसौटी पर खरा उतरता है।

### देश सेवा

बोस जी नौकरी छोड़कर भारत आ गए। तब 23 वर्ष का नवयुवक विदेश से स्वदेशी बनकर लौटा। पूरा देश इस समय किसी नेतृत्व की प्रतीक्षा कर रहा था। पूरे देश को सुभाष अपने साथ ले चल पड़े। वे गाँधी जी से मिले। उनके विचार जाने, पर उनको यह बात समझ नहीं आई कि आन्दोलनकारी हँसते-हँसते लाठियाँ खा लेंगे। कब तक? वे चितरंजन दास जी के पास गए। उन्होंने सुभाष को देश को समझने और जानने को कहा। सुभाष देश भर में घूमें और निष्कर्ष निकाला-

हमारी सामाजिक स्थिति बदतर है, जाति-पाँति तो है ही, ग़रीब और अमीर की खाई भी समाज को बाँटे हुए है। निरक्षरता देश के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है। इसके लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है।

-सुभाष चंद्र बोस

# UER II-द्वारका एक्सप्रेसवे से Real Estate को मिलेगा बड़ा बूस्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में दो नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। इन प्रोजेक्ट्स (द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली वाला हिस्सा और अर्बन एक्सटेंशन रोड-II (UER-II) की लागत 11,000 करोड़ रुपये है। दोनों हाईवे को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷यह हाईवे अब सभी का समय बचाएगा। पूरी दुनिया हमारे राष्ट्र के संकल्प को देख रही है। पिछले 11 वर्षों में, दिल्ली-एनसीआर में आवागमन आसान हो गया है।

जानकारों का मानना है कि इन प्रोजेक्ट्स से आवागमन में तेजी और आसानी के अलावा इनके आस-पास रियल एस्टेट एक्टिटी को भी बूस्ट मिलेगा। इसमें निवेश के भी मौके बनेंगे, जिनसे आगे अच्छा प्रॉफिट मिलने की उम्मीद है।

सोनीपत और नरेला में बढ़ेंगी हाउसिंग एक्टिविटी- रियल एस्टेट एजेंट्स स्क्वायर यार्ड्स के सेल्स डायरेक्टर और प्रिंसिपल पार्टनर रवि निरवाल के अनुसार UER II का उद्घाटन दिल्ली-एनसीआर के लिए बहुत अहम है। यह हाई-स्पीड, सिग्नल-फ्री कॉरिडोर ह॥ 44, ह॥ 9 और ह॥ 48 समेत मेन रूट्स के साथ-साथ द्वारका एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ता है।

प्रॉपर्टी मार्केट के नजरिए से, UER II के चालू होने से कई माइक्रो मार्केट्स में एक बड़ा रिवैल्यूएशन होने की उम्मीद है। इससे द्वारका के साथ-साथ कुंडली, सोनीपत और नरेला जैसी लोकेशंस में हाउसिंग एक्टिविटी को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

निरवाल का मानना है कि इसका प्रभाव सिर्फ कीमतों में बढ़ोतरी से कहीं अधिक होगा। नए कनेक्टिविटी कॉरिडोर से डिमांड का एक बड़ा और ज्यादा फ्लेक्सिबल आधार तैयार होने की उम्मीद है। यह दिल्ली के मेन कमर्शियल हब्स से कनेक्टिविटी बनाकर घर खरीदारों और बिजनेसों दोनों के लिए बजट-फ्रेंडली लोकेशंस तक एक्सेस देगा।

बढ़ेगी कमर्शियल, हाउसिंग और वेयरहाउसिंग की मांग- रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म Colliers India के नेशनल डायरेक्टर और हेड ऑफ रिसर्च विमल नादर का मानना है कि अलीपुर, द्वारका एक्सप्रेसवे और महिपालपुर और द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली सेगमेंट को जोड़ने वाली अर्बन एक्सटेंशन रोड, पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाएगी और आवागमन का समय कम करेगी।

## खबर को पढ़कर नहीं करेंगे Credit Card का इस्तेमाल! SBI के ग्राहकों से 2.6 करोड़ की ठगी




नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक आपरेशंस (आइएफएसओ) यूनिट ने बड़े साइबर अपराध सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए 18 जालसाजों को गिरफ्तार किया है।

यह गिरोह दिल्ली के ककरोला और उत्तम नगर से संचालित हो रहा था और भारतीय स्टेट बैंक के क्रेडिट कार्ड धारकों को निशाना बनाकर 2.6 करोड़ की ठगी कर चुका है।

अब तक गिरोह 350 से अधिक लोगों को ठग चुका है। एसीपी विजय गहलावत की देखरेख में और इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम के करीब छह महीने तक चलाए अभियान के बाद पूरे नेटवर्क को धर दबोचा। जयपुर, मथुरा, गुरुग्राम, ककरोला और उत्तम नगर में छापेमारी कर गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सरगना अंकित राठी, वसीम और विशाल भारद्वाज शामिल हैं, जो पूरी रणनीति और धन के संचालन को संभालते थे। इनके पास से 52 मोबाइल फोन, कई सिम कार्ड और ग्राहकों का बैंक विवरण बरामद हुआ है। पता चला है कि गिरोह को अधिकृत काल सेंटरों के अंदरूनी सूत्रों से ग्राहकों का गोपनीय डाटा मिलता था। आरोपित खुद को एसबीआइ ग्राहक सेवा अधिकारी बताकर पीड़ितों से काल पर ओटीपी और CVV जैसी संवेदनशील जानकारी हासिल करते थे।

# अगले हफ्ते खुलने जा रहे 8 आईपीओ, इन कंपनियों का GMP देख ललचा जाएगा मन




नई दिल्ली (एजेंसी)। सेकंडरी मार्केट में उतार-चढ़ाव के बावजूद, प्राइमरी मार्केट में तेजी जारी है। अगले हफ्ते 8 नए IPO (Upcoming IPO Next Week) खुलने वाले हैं, जिनमें से पांच मेनबोर्ड के होंगे, जबकि 3 एसएमई कैटेगरी के आईपीओ होंगे। एसएमई आईपीओ में स्टूडियो एलएसडी (Studio LSD), एलजीटी बिजनेस कनेक्शंस (LGT Business Connextions) और क्लासिक इलेक्ट्रोड्स (Classic Electrodes) के इश्यू शामिल हैं।

मेनबोर्ड के आईपीओ में पटेल रिटेल (Patel Retail), विक्रम सोलर (Vikram Solar), जेम एरोमैटिक्स (Gem Aromatics), श्रीजी शिपिंग ग्लोबल (Shreeji Shipping Global) और मंगल इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज (Mangal Electrical Industries) शामिल हैं। आगे जानिए सभी आठों आईपीओ की डिटेल।

## गजब का बिजनेस ! लोग इस महिला को सोता देखने के लिए देते हैं पैसे, एक महीने में 1 करोड़ रु से ज्यादा की कमाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। आज का समय डिजिटल कंटेंट का है। डिजिटल कंटेंट ने सोशल मीडिया पर एक अलग ही ऊंचाई हासिल की है। लोग तरह-तरह के कंटेंट बनाते हैं, जिन्हें न लोग सिर्फ पसंद करते हैं, बल्कि अलग से उसके लिए पैसे भी देते हैं। जैसे कि एक महिला को लोग केवल उसे सोता देखने के लिए पैसा देते हैं। मतलब रात की नींद भी उस महिला के लिए कमाई का जरिया बन गयी है। बस उसे अपने सोने की लाइव स्ट्रीम करनी होती है और बदले में कई लोग उसे पैसा देते हैं। आइए जानते हैं पूरी डिटेल।

ब्राजील की 32 वर्षीय इन्फ्लुएंसर- हम जिस महिला की बात कर रहे हैं, वो है ब्राजील की एक 32 वर्षीय इन्फ्लुएंसर। उनका नाम है डेबोरा पिक्सोटो। उनका दावा है कि उनके फैंस उन्हें सोते हुए देखने के लिए पैसे देते हैं। वे अपने सोने की लाइम स्ट्रीम करती हैं और उसे अपने एक शो के तौर पर पेश करती हैं, जिनका उन्होंने 'नाइट टाइम रियलिटी शो' रखा है।

कितनी होती है कमाई- एक व्यक्ति उनके सोने की लाइव स्ट्रीम देखने के लिए 84 पाउंड (करीब 9,500 रुपये से अधिक) तक खर्च करता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उनके शो के सब्सक्राइबर्स की संख्या बढ़ रही है, जो इस समय 40 से अधिक हो चुकी है।

# लगातार 6 हफ्ते गिरने के बाद संभला शेयर बाजार, अब क्या स्ट्रैटेजी रखें निवेशक?



नई दिल्ली (एजेंसी)। लगातार छह हफ्तों की गिरावट के बाद बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार को आखिरकार कुछ राहत मिली। 15 अगस्त की छुट्टी के कारण 4 दिनों के कारोबारी सप्ताह में निफ्टी 50 ने काफी सुधार दर्ज किया। शुरुआत में स्पष्ट दिशा के न होने के कारण, हफ्ते के बीच में इंडेक्स में तेजी आई और ये पूरे हफ्ते में 350 से ज्यादा अंक बढ़कर 1त्न से अधिक की बढ़त के साथ 24,700 के स्तर से थोड़ा नीचे बंद हुआ। अब जबकि शेयर बाजार का रुख बदलने की उम्मीद बढ़ रही है तो अगला हफ्ता कैसा रहेगा।

बीते हफ्ते रही एक कमी- पटेल के अनुसार निफ्टी 50 में उछाल उत्साहजनक तो है, लेकिन ब्रॉडर मार्केट (मिड और स्मॉल कैप) की भागीदारी सुस्त रही, और अलग-अलग शेयरों में सीमित फॉलो-अप खरीदारी हुई। निफ्टी को लगातार तेजी के लिए 24,700 से ऊपर पहुंचना, जिससे 24,800-25,000 की ओर एक मजबूत रैली के लिए प्लेटफॉर्म तैयार हो सकता है।

निवेशकों के लिए क्या है सलाह- अगर इंडेक्स 24,350 से नीचे की गिरावट से ये फिर से 24,200-23,800 तक फिसल सकता है, जहाँ 200-डेज ईएमए और एसएमए दोनों मिलते हैं। सपोर्ट लेवल्स का यह संगम, साथ ही इंट्राडे चार्ट पर उभरते सकारात्मक आरएसआई डायवर्जेंस और आरएसआई का अपने डेली सपोर्ट लेवल के निकट होना, मौजूदा गिरावट वाले साइकिल के लास्ट फेज में होने की संभावना का संकेत है।

मगर निवेशकों को सलाह दी गयी है कि ब्रेकआउट की पुष्टि होने तक, हल्की पॉजिशन बनाए रखें और आक्रामक रुख से बचें।

कैसे खुलेगा बैंकिंग सेक्टर में सुधार का रास्ता- बीते हफ्ते बैंक निफ्टी का परफॉर्मेंस लगातार कमजोर रहा और मामूली गिरावट देखने को मिली। इंट्राडे चार्ट एक डेवलप हो रहे त्रिभुजाकार ढांचे का संकेत दे रहे हैं, जो अगर नीचे की ओर जाता है, तो एक मंदी के निशान में बदल सकता है।

55,000 से नीचे का बंद होना इस पैटर्न की पुष्टि करेगा, जिससे आगे और भी कमजोरी आ सकती है। इसके उलट 55,600 से ऊपर का डेली क्लोज होना मंदी के इस लेवल को नकार देगा, जिससे त्रिभुज से ऊपर की ओर एक ब्रेकआउट की पुष्टि होगी और बैंकिंग सेक्टर में सुधार का रास्ता खुलेगा।

## मोतीलाल ओसवाल के पसंदीदा मिडकैप स्टॉक्स, मुनाफे में 1164% तक की जोरदार उछाल, Q2 में शेयर मचाएंगे धमाल




नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने एक नई रिपोर्ट में अलग-अलग कैपिटल वाले सेगमेंट्स और शेयरों पर रिव्यू दिया है। इनमें मिड कैप सेगमेंट पर ब्रोकरेज फर्म ने कहा है कि मिड-कैप (89 कंपनियां) ने पिछली दो तिमाहियों के अपने सिलसिले को आगे बढ़ाया है और एक बार फिर 24% सालाना (हमारे अनुमान 20% के मुकाबले अधिक) की सबसे तेज रेवेन्यू ग्रोथ दर्ज की है।

कई मिड-कैप सेक्टरों ने दमदार ग्रोथ दर्ज की। जिन 22 सेक्टरों की कवरेज की गयी, उनमें से 17 ने डबल डिजिट में नेट प्रॉफिट ग्रोथ दर्ज की। ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर के बैंक, एनबीएफसी, मेटल और टेक्नोलॉजी सेक्टर के परफॉर्मेंस ने इस ग्रोथ में सबसे अहम भूमिका निभाई, जिनके रेवेन्यू में सालाना आधार पर 89% की वृद्धि हुई।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# गोंड गैंग पर पुलिस की दबिश जारी, चोरी के जेवरात खरीदने वाला व्यापारी पकड़ाया

रीवा। रीवा संभाग के तीन जिलों के लिए सिरदर्द बनी गोंड गैंग से चोरी के जेवरात खरीदने वाले सराफा कारोबारी को मऊगंज की नईगढ़ी पुलिस ने चाकघाट में दबिश देकर चाकघाट पुलिस के सहयोग से पकड़ा है। पकड़े गए सराफा कारोबारी से पुलिस अब खरीदे गए चोरी के जेवरात बरामद करने का प्रयास कर रही है।



**एक माह पहले गोंड गैंग को पकड़ा था**-इस पूरी कार्रवाई को लेकर नईगढी थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि रीवा, सतना और मऊगंज जिलों में लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बीच करीब एक माह पूर्व रीवा जिले की गोंड गैंग को पकड़ा गया था, जिनके द्वारा गई चोरी की बड़ी वारदातें करना कबूल की गई थी।यूपी में सराफा दुकान चलाता है आरोपी

इस दौरान पकड़े गए आरोपियों ने बताया था कि चोरी के जेवरात वह उत्तर प्रदेश के नारीबारी में सराफा दुकान संचालित करने वाले चाकघाट निवासी राधेश्याम सोनी को बेचा करते थे। जिसके बाद नईगढ़ी पुलिस ने राधेश्याम सोनी को भी चोरी के तीन मामलों में सह अभियुक्त बनाया था।

**आरोपी घनश्याम सोनी से होगी पूछताछ**-नईगढ़ी थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर ने बताया कि बीती शाम सर्राफा कारोबारी को चाकघाट से गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, चाकघाट थाना प्रभारी घनश्याम मिश्र ने बताया की नईगढ़ी पुलिस आई थी जिनके सहयोग के लिए चाकघाट थाने से स्टाफ भेजा गया था। चाकघाट निवासी घनश्याम सोनी को नईगढ़ी पुलिस गिरफ्तार करके ले गई है जहां उससे पूछताछ की जाएगी।

## रीवा में 9 महीने की बच्ची पर गिरी खौलती दाल, मां की लापरवाही ने छीनी मासूम की जिंदगी



रीवा। रीवा में खाना बनाते वक्त मां की थोड़ी सी लापरवाही 9 माह की मासूम बच्ची के लिए मौत का कारण बन गई। यहां खौलती दाल गिरने से बुरी तरह झुलसी बच्ची को इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। घटना बीती रात शहर के बिछिया थाना क्षेत्र सिलपरा की है।

**बच्ची की मां ने बताई पूरी घटना**-घटना के संबंध में बच्ची की मां शिल्पी साकेत ने बताया कि उसकी 9 माह की बच्ची घर में खेल रही थी, जिस दौरान कुकर में दाल चढ़ी हुई थी और ढक्कन खुला हुआ था। मां शिल्पी का कहना है कि वह पानी लेने के लिए बच्ची को छोड़कर चली गई थी और जब वह वापस आई तो दाल से भरा कुकर बच्ची के ऊपर पलटा हुआ था। पुलिस कर रही मामले की जांच गंभीर रूप से झुलस चुकी बच्ची को फिलहाल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हालांकि इस घटना की लेकर बच्ची की मां पर ससुरालजनों ने लापरवाही सहित गंभीर आरोप लगाए हैं। फिलहाल घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस दोनों ही पक्षों के बयान लेकर घटना के संबंध में जांच कर रही है।

# MP के इस हॉस्टल से गायब हुई 5 छात्राएं, कमरे में मिला नोट

उमरिया। जिले के पाली जनपद अंतर्गत ग्राम गिंजरी के नेताजी सुभाषचन्द्र बोस हॉस्टल से पांच छात्राएं लापता हो गई हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए एसपी निवेदिता नायडू ने बताया कि लापता सभी छात्राएं नाबालिग हैं और वे अपने कमरे में नोट रखकर गई हैं, जिसमें लिखा है कि वे कुछ बनने जा रही हैं और बनने के बाद ही वापस लौटेंगी।



एसपी ने यह भी बताया कि लापता होने वाली सभी छात्राएं तेरह साल की हैं। इनमें से चार उमरिया जिले की हैं जबकि एक डिडौंरी जिले की रहने वाली है। छात्राओं के लापता होने की जानकारी मिलने के बाद उनके अभिभावक भी पहुंच गए हैं जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि छात्रावास में किसी भी तरह की सुरक्षा न होने से उनकी बच्चियां वहां से गायब हुई हैं। रात को ग्यारह बजे तक हास्टल में थीं छात्राएं

छात्रावास की अधीक्षक अर्चना मरावी का कहना है कि सभी छात्राएं रात ग्यारह बजे तक हॉस्टल में ही थीं। दरअसल रात में जन्माष्टमी के कार्यक्रम का आयोजन हॉस्टल में किया गया था जिसमें सभी छात्राएं शामिल हुई थीं, जिनमें वे छात्राएं भी थीं जो लापता हो गई हैं। रात ग्यारह बजे यह सभी छात्राएं अपने कमरे में चली गई थीं और सुबह जब लापता पांच छात्राएं अपने कमरे से निकलकर नहीं आई तो उनकी तलाश शुरू की गई। यह देखकर सभी घबरा गए कि छात्राएं अपने कमरे में नहीं थीं और उनका सामान भी नहीं था।

**अधीक्षक थी अवकाश पर**-बताया जा रहा है कि अधीक्षक अर्चना मरावी कृष्ण जन्माष्टमी के दिन अवकाश पर थीं और उनकी गैर हाजिरी में उनकी सहायिका छात्रावास की जिम्मेदारी संभाल रही थी। उसने जब अधीक्षक को बताया कि पांच छात्राएं लापता है तब वे हॉस्टल पहुंची और इसके बाद उन्होंने अपने विभाग को मामले की जानकारी दी। इस मामले की जानकारी कलेक्टर को दी गई जिसके बाद पाली एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह, एसपी निवेदिता नायडू, एसडीओपी एससी बोहित और नगर निरीक्षक राजेश चन्द्र मिश्रा हॉस्टल पहुंच गए। जांच में जुटी पुलिस

हॉस्टल पहुंचते ही पुलिस को अधीक्षक ने छात्राओं द्वारा छोड़ा गया वह नोट दे दिया जिसमें छात्राओं ने अपनी मर्जी से हास्टल छोड़ने की बात लिखी है। एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर छात्राएं हॉस्टल से निकलने के बाद गई कहां हैं। पुलिस और जिला प्रशासन इस मामले में अपने स्तर पर काम कर रहा है लेकिन मामले में सावधानी भी बरती जा रही है कि कोई जानकारी बाहर न जाने पाए।सुरक्षा की कमी

लापता छात्राओं के अभिभावकों ने छात्रावास में सुरक्षा की कमी को लेकर जो आरोप लगाए हैं वह गलत नहीं है। छात्रावास में बाउंड्रीवाल की कमी तो है ही साथ ही यहां सीसीटीवी कैमरे भी काम नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा सुरक्षा के कोई अतिरिक्त संसाधन भी यहां नहीं है। यही कारण है कि छात्राओं को रात ग्यारह बजे के बाद यहां से निकलने में कोई परेशानी नहीं हुई।

## कांग्रेस में असंतोष का विस्फोट , गुना में जयवर्धन सिंह के समर्थकों ने फूंका जीतू पटवारी का पुतला



भोपाल। जयवर्धन सिंह को कांग्रेस गुना कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर राघौगढ़ कांग्रेस कार्यकर्ता नाखुश नजर आ रहे हैं। गुस्साए समर्थकों ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला फूंका। सोशल मीडिया के माध्यम से कार्यकर्ता पार्टी के फैसले की आलोचना करते हुए जयवर्धन सिंह की छवि को धूमिल करने का आरोप लगा रहे हैं। कार्यकर्ता अपनी पोस्ट में कह रहे हैं कि प्रदेश का नेतृत्व करने वाले नेता को जिला तक सीमित करना अन्यायपूर्ण है। आलाकमान को इस बारे में दोबारा सोचना चाहिए।

डैमेज कंट्रोल के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने किया ट्वीट वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का डैमेज कंट्रोल के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (एक्स) पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस परिवार के जांबाज साथियों, अब हमें मिलकर संगठन सृजन अभियान के अगले पड़ाव की ओर कदम बढ़ाना है! कांग्रेस के विचार और संस्कार को जन-जन तक, पंचायतों तक लेकर जाना है! सभी के सर्वश्रेष्ठ योगदान से ही सशक्त संगठन एमपी में कांग्रेस की पहचान है! संगठन निर्माण की इस प्रकिया में चयन से वंचित रहे साथियों को शीघ्र ही नई जिम्मेदारी दी जाएगी! अगले मोर्चे के लिए भी हमें जी-जान से जुटकर तैयारी करनी है! जन-मन/घर-घर तक कांग्रेस की रीति-नीति को पहुंचाना है! सिर्फ एक लक्ष्य कि 2028 में कांग्रेस सरकार बनाना है! एक बार पुनः बधाई और अग्रिम शुभकामनाएं!

कांग्रेस में जान फूंकने जयवर्धन को सौंपी जिलाध्यक्ष की कमान कांग्रेस ने शनिवार को जिलाध्यक्षों की सूची जारी की।

# खंडवा जिले में टला बड़ा रेल हादसा

खंडवा। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में एक बड़ा रेल हादसा उस समय टल गया, जब कीमैन ने पटरी पर क्रैक देखकर उस पर से गुजर रही ट्रेन को रुकवा दिया। जानकारी के मुताबिक भोपाल रेल डिविजन के बरुड छनेरा में रेलवे पटरी पर कीमैन को क्रैक दिखा था।



इसके बाद उसने ट्रैक से जा रही 04159 हॉलिडे स्पेशल ट्रेन को रुकवा दिया। यह ट्रेन इटारसी से भुसावल की ओर जा रही थी। सूचना मिलने के बाद रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और रेलवे ट्रैक को सुधारने का काम शुरू हो गया है। अभी यह साफ नहीं हो पाया कि पटरी का हिस्सा किस वजह से टूटा। उधर रेल में सवार यात्रियों को जब इस घटना के बारे में पता चला तो वे सहम गए थे।

ट्रेन टूटे हुए रेलवे ट्रैक पर ही खड़ी है, अब सभी यात्री इसके सुधरने का इंतजार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि? अगर कीमैन का ध्यान टूटी पटरी की ओर नहीं जाता तो ट्रेन ट्रैक से उतर सकती थी। ऐसे में एक बड़ा रेल हादसा हो सकता था।



# इंदौर संभाग के आठों जिलों में एक साथ हुआ मुख्यमंत्री के संदेश का लाईव प्रसारण

इंदौर। पूरे देश के साथ ही इंदौर संभाग में भी स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति के जज्बे, जोश और जुनून के साथ मनाया गया। हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के चलते इंदौर संभाग में स्वतंत्रता दिवस पर उत्सवी माहौल रहा। चहुंओर अपार उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास दिखाई दिया। कार्यक्रम में पहली बार एक साथ संभाग के सभी आठों जिलों क्रमशः इंदौर, बड़वानी, झाबुआ, खरगोन, खण्डवा, आलीराजपुर, बुरहानपुर और धार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का एलईडी स्क्रीन पर लाईव प्रसारण हुआ, जिसे देखा और सुना गया। स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय महापर्व पर संभाग के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया।

इंदौर में मुख्य समारोह महेश गार्ड लाइन स्थित सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के मैदान में आयोजित हुआ। मुख्य समारोह में जिला कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, आईजी श्री अनुराग, पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह, अपर आयुक्त पुलिस श्री अमित सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, जिला पंचायत के सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

बड़वानी जिला मुख्यालय पर पीएमश्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह आयोजित हुआ। प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार एवं बड़वानी जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने ध्वजारोहण किया एवं परेड की सलामी ली।

समारोह पर पुलिस दल, सशस्त्र बल, वन विभाग, जिला होमगार्ड बल तथा एनसीसी सीनियर एवं जुनियर, स्काउट गाईड का दल, शौर्य दल द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। समारोह में सांसद श्री गजेन्द्रसिंह पटेल, राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, कलेक्टर डॉ. राहुल फटिंग, पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश डावर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद थे। झाबुआ जिले में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मुख्य आतिथ्य में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम डीआरपी लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ। मुख्य समारोह में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली। कलेक्टर द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों, जिले के पद्मश्री से सम्मानित व्यक्तियों और शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया।

कलेक्टर ने सभी जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना हेतु बधाई संदेश एवं विगत वर्ष में जिले की उपलब्धियों का वाचन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान सहित संख्या में प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

खरगोन जिले में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह जिला प्रभारी मंत्री तथा सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग के मुख्य आतिथ्य में डीआरपी लाइन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री श्री सारंग ने कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली।

इस अवसर पर विधायकगण श्री बालकृष्ण पाटीदार, श्री राजकुमार मेव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह सहित अन्य जिला अधिकारी एवं नागरिकगण उपस्थित थे। खंडवा जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्य मंत्री एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने इस अवसर पर रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े।

प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने इस अवसर पर नागरिकों के लिए शुभकामना संदेश का वाचन भी किया।

कार्यक्रम में विधायक श्रीमति कंचन मुकेश तन्वे, महापौर श्रीमति अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति पिंकी सुदेश वानखेड़े, कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

आलीराजपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने ध्वजारोहण किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन खेल परिसर में किया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमझेरा के अमका-झमका मंदिर में की पूजा-अर्चना



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले की सरदारपुर तहसील स्थित पौराणिक अमका-झमका मंदिर में जन्माष्टमी पर्व पर पूजा-अर्चना की। द्वापर युग से जुड़े इस मंदिर का संबंध भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी हरण से माना जाता है। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम द्वापर युगीन स्थल के दर्शन किए और अंबिका माता मंदिर में पूजा कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने चामुंडा माता मंदिर में भी दर्शन किए।

मंदिर प्रांगण में मौजूद जनसमूह और जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पारंपरिक गदा भेंट कर सम्मानित किया। जन्माष्टमी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गाय के बछड़े को दुलारा और मटकी फोड़ कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों का उत्साह बढ़ाया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा कार्यक्रम- अमका-झमका मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनसे वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदार सिंह मेढ़ा, पूर्व मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, जनप्रतिनिधि, इंदौर संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, धार कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## प्रदेश के स्कूलों में ही बनेंगे विद्यार्थियों के आधार कार्ड

इंदौर। प्रदेश में स्कूल के बच्चों के आधार कार्ड तैयार करने के लिये स्कूल में ही विशेष अभियान 18 अगस्त 2025 से चलाया जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ समन्वय किया है। सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन और अपडेट शिविर लगाये जायेंगे। इस अभियान का नाम होगा विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार।

यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पर केंद्रित है। इसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। पहला अपडेट तब आवश्यक है जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। पहला एमबीयू 5 से 7 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निःशुल्क रखा गया है। विद्यार्थी के उम्र 7 वर्ष की आयु से अधिक होने के बाद शुल्क लागू होगा। दूसरा एमबीयू तब आवश्यक है जब विद्यार्थी 15 वर्ष का हो जाएगा। तीसरा एमबीयू 15 से 17 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निःशुल्क है, लेकिन 17 वर्ष की आयु के बाद शुल्क लागू होगा। उल्लेखनीय है कि, अपडेटेड बायोमेट्रिक्स वाला आधार कार्ड, स्कूल प्रवेश, प्रवेश परीक्षा, छात्रवृत्ति और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं जैसी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और शहीदों के परिजनों के कल्याण के लिये इंदौर जिले में पहली बार मिली बड़ी सौगात



इंदौर। इंदौर में आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और शहीदों के परिजनों के कल्याण के लिये पहली बार एक साथ बड़ी सौगात मिली है। विनर्स अकादमी इंदौर द्वारा सैनिकों के सहायतार्थ 12 लाख रूपये से अधिक की सहयोग निधि दी गई है। यह राशि आज अकादमी के संस्थापक श्री आदित्य पटेल ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि 2024-25 के अन्तर्गत सौंपी है। इस योगदान हेतु प्रदेश के राज्यपाल महोदय द्वारा अगले वर्ष मार्च-अप्रैल 2026 में राजभवन में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में श्री आदित्य पटेल को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भी भेंट किया जायेगा।

इस सराहनीय योगदान के लिए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चंद्र मालवीय (से.नि.) एवं पूर्व सैनिकों ने श्री आदित्य पटेल संस्थापक विनर्स अकादमी इंदौर का आभार व्यक्त किया है। पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों की सहायता के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने पर उनका आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय इंदौर में आयोजित समारोह में सम्मान भी किया गया। प्राप्त सहयोग राशि पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास में राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा उपयोग में ली जाती है। यह राशि विनर्स अकादमी इंदौर के संस्थापक, फैकल्टी एवं छात्रों द्वारा एकत्रित कर सैनिकों के हित के लिए दी गई है।

## पीआईएमआर के छात्रों ने हेरिटेज फोटोग्राफी में सीखा नया नजरिया



इंदौर। प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च (पीआईएमआर), इंदौर के फ़िल्म एवं डिजिटल कम्युनिकेशन विभाग ने बीएजेएमसी और एमएमसी छात्रों के लिए एक दिवसीय हेरिटेज फोटोग्राफी ट्रिप का आयोजन किया। ÷फ्रेमिंग मांडू÷ नामक इस शैक्षिक यात्रा में छात्रों ने मांडू की ऐतिहासिक धरोहरों के बीच फोटोग्राफी के नए आयाम तलाशे और लेंस के माध्यम से स्थापत्य कला को कैद करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

फोटोग्राफी विशेषज्ञ फैजान खान ने पूरे दिन छात्रों को फ्रेमिंग, पर्सपेक्टिव और लाइटिंग जैसे तकनीकी पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। क्लासरूम से बाहर निकलकर खुले वातावरण में हुई इस गतिविधि ने छात्रों को रचनात्मकता और प्रयोगधर्मिता का अनूठा अवसर प्रदान किया।

यह ट्रिप एक्सपीरिएंशल लर्निंग सीरीज़ का हिस्सा थी, जिसके अंतर्गत पीआईएमआर छात्रों को उद्योग-केन्द्रित प्रशिक्षण, प्रायोगिक अनुभव और कौशल-विकास के अवसर प्रदान कर रहा है। इससे पहले रेडियो जॉकी तथागत के साथ अंडरस्टैंडिंग रेडियो कवि पंकज दीक्षित के साथ आर्ट ऑफ एंकरिंग एंड रिपोर्टिंग जैसे सत्र भी आयोजित किए जा चुके हैं। आने वाले चरणों में थिएटर, डिजिटल मार्केटिंग, वाइल्ड लाइफ़ फोटोग्राफी, सिनेमैटोग्राफी और इवेंट मैनेजमेंट जैसे विषयों पर विशेष कार्यशालाएँ होंगी।

## मुख्यमंत्री जानापाव में भगवान परशुराम जन्म स्थली पर आयोजित श्रीकृष्ण पर्व में शामिल हुए



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर इंदौर जिले में स्थित भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव में आयोजित श्रीकृष्ण पर्व कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने भगवान परशुराम के जन्म स्थल पर पूजा अर्चना की। इस दौरान उनके भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, विधायक श्री रमेश मेंदोला एवं विधायक श्री गोलू शुक्ला एवं विधायक श्री मधु वर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और सभी को भगवान श्री कृष्ण के प्रकटोत्सव जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की सभी लीलाएं हमें जीना सिखाती है।

उन्होंने कहा कि जानापाव को भी श्री कृष्ण पाथेय में शामिल किया गया है। जानापाव तीर्थ स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यहां और भी विकास कार्य कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर राधा कृष्ण के रूप में सजे-धजे बच्चों के बीच मटकी फोड़ कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में पहली बार दिखाया गया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस संदेश का प्रसारण

इंदौर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह में यह पहला अवसर था जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस संदेश का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसके लिये मुख्य कार्यक्रम स्थल आरएपीटीसी ग्राउण्ड महेश गार्ड लाईन में विशाल एलईडी पर्याप्त संख्या में लगायी गई थी। उपस्थितों ने पूरी तन्मयता के साथ मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को देखा और सुना।

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन के पश्चात कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इंदौर जिले की विकास यात्रा के संबंध में जानकारी दी और नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आनंद और उमंग के इस अवसर पर अभी हमने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संबोधन सुना। प्रदेश की प्रगति और जन-कल्याण पर मुख्यमंत्री जी की दूरदर्शिता और ओजस्वी वक्तव्य ने निश्चित ही हम सब में उल्लास का संचार कर दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के विजन को लेकर मुख्यमंत्री जी ने आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश÷ का जो रोड मैप बनाया है, उससे निश्चित ही प्रदेश प्रगति का नया अध्याय लिखेगा। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित मध्यप्रदेश का लक्ष्य साकार करने के लिए विकसित जिले की संकल्पना और योजना के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारे जिले की अपनी क्षमताएं, आकांक्षाएं, अवसर और चुनौतियां हैं। यही हमारे जिले को विशेष बनाती है। विगत डेढ़ वर्ष में इंदौर जिले की उपलब्धियाँ और नवाचार हमारी प्रगति की साक्षी हैं। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नगर निगम इंदौर ने स्वच्छ भारत मिशन के सुपर स्वच्छता लीग में सिरमोर रहकर देश में प्रदेश का मान बढ़ाया है। इंदौर ने जन-भागीदारी का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समर्पण और उत्कृष्ट कार्यशैली का मानक स्थापित किया है।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# भाद्रपद माह की दूसरी व प्रमुख राजसी सवारी में भगवान श्री महाकालेश्वर छ- स्वरूपों में अपने भक्तों को देंगे दर्शन

उज्जैन । श्री महाकालेश्वर भगवान की श्रावण-भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारी के क्रम में षटम सोमवार 18 अगस्त 2025 को सायं 4-00 बजे प्रमुख राजसी सवारी निकाली जाएगी।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर श्री प्रथम कौशिक ने बताया कि, भाद्रपद माह की दूसरी और अंतिम सवारी 18 अगस्त 2025 को प्रमुख राजसी सवारी के रूप में निकलेगी।

इस दौरान रजत पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर श्री शिवतांडव, नन्दी रथ पर श्री उमा-महेश और डोल रथ पर श्री होल्कर स्टेट के मुखारविंद, व षट्म् सवारी में श्री सप्तधान का मुखारविंद सम्मिलित रहेगा।

भगवान श्री महाकालेश्वर की शाही सवारी निकलने के पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में



विधिवत भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर का पूजन-अर्चन होने के पश्चात रजत पालकी में विराजित होकर अपनी प्रजा के हाल जानने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के द्वारा पालकी में विराजित भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर को सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दी जाएगी।

श्री चन्द्रमोलेश्वर जी की पालकी अपने निर्धारित समय सायं 04 बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर कोट मोहल्ला, गुदरी चौराहा, बक्षीबाजार चौराहा, कहार वाड़ी, हरसिद्धीपाल से रामघाट पहुचेगी। रामघाट पर पालकी में विराजित भगवान श्री चंद्रमोलीश्वर एवं गजराज पर आरूढ़ श्री मनमहेश के माँ क्षिप्रा के तट पर पूजन-अर्चन व आरती के बाद प्रमुख राजसी सवारी रामानुजकोट, बंबई वाले की धर्मशाला, गणगौर दरवाजा, खाती समाज का श्री जगदीश मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर, कमरी मार्ग, टंकी चौराहा से तेलीवाडा, कंठाल, सतीमाता मंदिर, छत्री चौक, श्री गोपाल मंदिर पर पहुचेगी।

जहाँ सिंधिया स्टेट द्वारा पररम्परानुसार पालकी में विराजित भगवान श्री चंद्रमोलीश्वर का पूजन किया जायेगा। उसके बाद सवारी पटनी बाज़ार, गुदरी चौराहा, कोट मोहल्ला, महाकाल चौराहा होते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में पहुचेगी व सभामंडप में सवारी का विश्राम होगा।

सवारी के दौरान श्रद्धालुओं से अपील की जाती है कि, कृपया सवारी मार्ग में सडक की ओर व्यापारीगण भट्टी चालू न रखें और न ही तेल का कढाव रखें। दर्शनार्थी सवारी में उल्टी दिशा में न चलें और सवारी निकलने तक अपने स्थान पर खडे रहें। दर्शनार्थी कृपया गलियों में वाहन न रखें।

# अजाक्स एवं एससी एसटी सामाजिक संगठन ने पौधारोपण किया

## बाबा साहब के संदेश को गांव-गांव पहुंचने को लेकर हुई चर्चा



उज्जैन। देवास रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज पर अजाक्स एवं एससी एसटी सामाजिक संगठन द्वारा बैठक व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुरू करने से पहले बाबा साहब की तस्वीर पर मालीअर्पण किया गया जिसके बाद बैठक शुरू हुई। इस दौरान अजाक्स संगठन सम्भाग के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। अजाक्स के सम्भाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। सम्भाग सचिव एन.पी.मालवीय एवं रतन गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष जे एन कंसोटिया आय ए एस अपर मुख्य सचिव के निर्देश अनुसार बाबा साहब के घर-घर पहुंचाओ संदेश को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाबा साहब के संदेश को गांव-गांव पहुंचने को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में संगठन के सभी पदाधिकारी ने मिलकर पॉलिटेक्निक कॉलेज के परिसर में पौधारोपण किया। सम्भाग अध्यक्ष ने कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए कहां की संगठन के सभी पदाधिकारी को युवाओं को जोड़कर बाबा साहब का संदेश गांव-गांव पहुंचना है। जिससे समाज के युवा भी जागरूक होंगे और बाबा साहब का संदेश घर-घर पहुंच पाएगा। पौधारोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण व संव?र्द्धन भी जरूरी है, तभी पौधे बचेंगे। संगठन पौधारोपण कर सिर्फ अपना दायित्व पूरा करने का काम न करें, बल्कि इसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी उठाए। संगठन द्वारा सम्भाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी का अभिनंदन किया।

### एन.एफ.एल.क्यू. प्रतियोगिता में विक्रम विश्वविद्यालय के पं. जे.एन.आई.बी.एम. टीम ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

उज्जैन। विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के पंडित जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (पं. जे.एन.आई.बी.एम.) की टीम ने हाल ही में इंदौर में आयोजित एन.एफ.एल.क्यू. (नेशनल फाइनेंशियल लिटरेसी क्विज़) प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कोहोर्ट में प्रथम स्थान और सेंट्रल रीजन में तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ ही टीम ने 20,000 रुपये का पुरस्कार भी जीता। यह एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वित्तीय साक्षरता और निवेश के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह प्रतियोगिता नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स (एन आई एस एम) द्वारा आयोजित की जाती है, जो कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का एक शैक्षणिक संस्थान है।


# माँ बगलामुखी शक्तिपीठ धाम में हुई भजन संध्या



उज्जैन। श्री कृष्ण पाथेय न्यास एवं मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में राष्ट्रीय लोक गायक सुन्दर लाल मालवीय एवं साथियों द्वारा प्रस्तुति दी।

16 अगस्त शनिवार को रात्रि 9 बजे से माँ बगलामुखी शक्तिपीठ धाम खाचरौद कृष्णना गायन में आयोजित भव्य भजन संध्या में सुंदरलाल मालवीय एवं साथियों ने सुमधुर लोक गायन की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रध्दालु मौजूद रहे। सुंदरलाल मालवीय के शानदार कृष्णना गायन से खुश होकर माँ बगलामुखी धाम खाचरौद शक्ति पीठ स्वामी कृष्णनानंद जी महाराज द्वारा नोटों की बारिश की गई, ऊपर से इन्द्रदेवता बारिश कर रहे थे। ऐसे भक्तिमय माहौल में भक्त झूम उठे। सुन्दर लाल मालवीय के साथ गायक कबीर मालवीय, रागिनी मालवीय, मास्टर वीरांश चौहान, यशस्विनी निगम रहे। वहीं मनोज घुड़ावत ने ढोलक, कमल शिवलिया -तबला, क्रिष डिगा-ऑक्टोपेड, दुर्गेश -कीबोर्ड पर संगत की।

# आजादी के जश्न में झूम उठा घंटाघर, बारिश में भी गूंजे देशभक्ति गीत



उज्जैन। स्वतंत्रता दिवस पर सोमवार की शाम घंटाघर चौराहा देशभक्ति की स्वर लहरियों से गूंज उठा। तेज बारिश और तूफानी हवाओं के बीच भी देशप्रेम की भावना से सराबोर हजारों लोग कार्यक्रम में डटे रहे। स्वर्णिम भारत मंच के तत्वावधान में लगातार 15वें वर्ष आयोजित होने वाले इस वार्षिक कार्यक्रम एक दुलारा देश हमारा प्यारा हिंदुस्तान ने शहीदों की कुर्बानी को याद करते हुए आजादी का पर्व खास बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधायक चिंतामणि मालवीय, मोतीलाल श्रीवास्तव, एमआईसी सदस्य रजत मेहता, सुशील श्रीवास, आनंद सिंह खींची, उर्मिला श्रीवास्तव, गौरव दवे आदि अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। तत्पश्चात भारत माता की आरती कर उपस्थित लोगों को लड्डू वितरित किए गए।

ग्रामीण अंचल से आए कलाकारों ने बिखेरा जलवा कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत रही ग्रामीण अंचल से आए कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियां।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरवर के बच्चों ने ÷विविधता में एकता÷ पर समूह नृत्य कर दर्शकों की तालियां बटोरी। यह प्रस्तुति प्राचार्य डॉ. चंद्रा नाहटे की प्रेरणा से और दीप्ति गोसर एवं सृष्टि संघाई के निर्देशन में दी गई।

नृत्य प्रस्तुति देने वालों में मीनाक्षी निर्मल, तस्मिया मंसूरी, खुशबू पांचाल, तृषा हनोतिया, जया परमार, कनक राठौड़, ऋतु सोनगरा, मुस्कान सोनगरा, नेहा वर्मा, सिमरन सोनगरा, सोनिया सोनगरा, अंजलि सोनगरा, शिवानी वर्मा, किरण शुक्ला, जोया मंसूरी, खुशबू पांचाल शामिल रहीं। बच्चों की प्रस्तुति से प्रभावित होकर अतिथियों ने उन्हें मंच पर ही नगद पुरस्कार भी भेंट किया।

इसी तरह निनाद नृत्य अकादमी की संचालक पलक पटवर्धन के निर्देशन में 20 बच्चों ने प्रस्तुति देकर भारी बारिश में भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके अलावा श्रेया सोलंकी, आराध्या सोलंकी, नक्षत्रा निगम, वंशिका सिंह पवार ने भी देशभक्ति प्रस्तुतियां दीं।

सुरों में बंधा आजादी का जश्न देशभक्ति कार्यक्रम का आकर्षण बना ज्वलंत शर्मा ग्रुप एवं स्वर सृजन ग्रुप का गायन। ÷मेरा रंग दे बसंती चोला÷, ÷ऐ मेरे वतन के लोगों÷ और ÷ये देश है वीर जवानों का÷ जैसे गीतों पर उपस्थितजन भावविभोर हो उठे। गायन करने वालों में ज्वलंत शर्मा, मुकुल शर्मा, अदिति निगम, हर्षा शर्मा, संजय श्रीवास्तव, डॉ. अनामिका सोनी समेत कई कलाकार शामिल रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुपमा श्रीवास्तव, जितेंद्र बैरागी, अभय नरवरिया, चेतन श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, नरेंद्र मालवीय, संदीप व्यास, शक्ति वर्मा, लोकेंद्र रामी, जितेंद्र जेनिवाल, गोपाल डोडिया, विरेंद्र राजावत, आजाद संकलिया, अशीष पंवार, अर्जुन सिसोदिया, प्रकाश पाल, दिगपाल सिंह चौहान, दीपक जाट, नेहा श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव, सीमा निगम, रक्षा अष्ठाना, वंदना जैन, मोनिका श्रीवास्तव, विजय शिंदे, मंगलेश जोशी का विशेष योगदान रहा।

# माधव सेवा न्यास में स्वतंत्रता का महापर्व भावनाओं के उत्कर्ष के साथ मनाया गया




उज्जैन। स्वतंत्रता के 79वें अमृत पर्व पर माधव सेवा न्यास, भारत माता मंदिर परिसर में देशभक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रभात की प्रथम किरण के साथ ही प्रांगण में तिरंगा लहराया गया, और उसकी हर लहर के साथ हृदयों में उमंग, श्रद्धा और गर्व की तरंगें जाग उठीं। ध्वजारोहण का यह पावन क्षण न्यास के न्यासीगण, पदाधिकारीगण, सेवाभावी कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में उपस्थित बंधु-भगिनियों की भावभीनी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

सांस्कृतिक मंच से गूंजते देशभक्ति के गीतों और मनोहारी प्रस्तुतियों ने वातावरण को मानो राष्ट्रप्रेम के सुरभित पुष्पों से महका दिया। यह आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि समर्पण और सम्मान का पर्व बन गया। माँ क्षिप्रा के तट पर दो दशकों से प्राणरक्षक बनकर खड़े पप्पू कहार एवं तेजा कहार को श्रद्धा-सम्मान के साथ मंच से अलंकृत किया गया। इन्होंने ÷माँ क्षिप्रा तैराक दल÷ के माध्यम से न केवल सैकड़ों लोगों को डूबने से बचाया, बल्कि सेवा और साहस का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

न्यास के मलखंभ एवं योग प्रशिक्षण केंद्र की स्वर्णिम बेटियाँ वीरा राठौर और माही राठौर जिन्होंने नेशनल गेम्स, उत्तराखंड एवं खेलो इंडिया, बिहार में स्वर्ण पदक अर्जित कर प्रदेश और नगर का गौरव बढ़ाया, को भी मंच से सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा उनके उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में 5-5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com